प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज दिल्ली में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से किया सम्मानित : देश में जल संरक्षण में बांदा को जनपदों की श्रेणी में मिला पहला स्थान।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 7 दिवसीय सिल्क एक्सपो का किया उद्‌घाटन : रेशम के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वालों को दिया पं0 दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान।
3. विधानसभा उपचुनाव के लिये आज पांच सीटों पर 12 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन : अम्बेडकरनगर की कटेहरी सीट पर सपा से शोभावती वर्मा और बसपा से अमित वर्मा ने भरा पर्चा।

और

4. प्रदेश के राज्य कर्मियों और पेंशनरों को दीपावली से पहले 30 अक्टूबर तक मिलेगा वेतन : राज्य सरकार ने सभी विभागों को दिया आदेश।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया। ग्रामीण

इलाकों में घर–घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार काम के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है। वहीं पूरे देश में जल संरक्षण में बांदा को जनपदों की श्रेणी में पहला पुरस्कार मिला है। पेश है एक रिपोर्ट..........

*राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की है। प्रदेश को जल प्रबंधन के लिये पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बधाई दी है। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात–पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 16 कृषकों, उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को पं0 दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को रेशम उत्पादन के क्षेत्र से जोड़ दिया जाए तो रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश दुनिया के देशों में स्थान पा सकता है। बाइट.....

*अगर हम आधी आबादी के एक बड़े तबके को जो कार्य चाहती है अगर हम उन्हें रेशम उत्पादन के साथ जोड़ दें, प्रोसेसिंग के साथ जोड़ दें, रेडीमेड गारमेंट्स के साथ जोड़ दें, डिजाइनिंग के साथ जोड़ लें, मार्केटिंग के साथ जोड़ लें पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो आज दुनिया के अंदर रेडीमेड गारमेंट्स में जो छोटे–छोटे देश आज अपनी धमक बनाये हुए हैं, उनका स्थान उत्तर प्रदेश और भारत ले सकता है और इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने तमाम अन्य कदम उठाए हैं।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ एसजीपीजीआई में एक हजार 147 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर प्रथम चरण का आज उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री न कहा कि प्रदेश तेजी से वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर आगे बढ़ रहा है। बाइट.........

*पिछले साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर जो गवर्नमेंट सेक्टर के मेडिकल कॉलजेज थे जो मात्र प्रदेश के अंदर दो हज़ार सत्रह तक प्रदेश के अंदर केवल अट्ठारह जनपदों में फैले हुए थे। आज उनकी संख्या बढ़करके चौंसठ जनपद हमारे आज ऐसे हो चुके हैं जहां कोई न कोई मेडिकल कॉलेज खड़ा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर हम तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। एमबीबीएस की सीट्स पहले की तुलना में दोगुने से अधिक हुई है। पी जी की सीट्स भी यूपी के अंदर पहले की तुलना में दोगुने से अधिक हुई बढ़ी है।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सातवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता

की। मुख्यमंत्री ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष हैं । बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 123 करोड़ रुपए की विकास योजनाओ पर मुहर लगाकर अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसमें राया इंटर चेंज पर भगवान श्रीकृष्ण की विशाल प्रतिमा सहित अन्य विकास परियोजनाओं की स्वीकृति शामिल है। मुख्यमंत्री ने आज संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। पेश है एक रिपोर्ट.........

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज मथुरा पहुंचने पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अलग–अलग अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश भी दिये। साथ ही महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस को अलर्ट रहने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री बोर्ड की बैठक के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर गए और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किये। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

——————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन प्रकिया जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। आज अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा और बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा मीरापुर सीट से पांच प्रत्याशियों, कुंदरकी से एक, गाजियाबाद से दो और

फूलपुर से दो प्रत्याशियों ने आज पर्चा दाखिल किया। गौरतलब है कि 25 अक्टूबर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है लेकिन भाजपा की तरफ से अभी तक उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान नहीं किया गया है। कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान नहीं किया है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी विभागों में राज्य कर्मियों और पेंशनरों को 30 अक्टूबर तक वेतन भुगतान के आदेश दिए हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कल दिए आदेश में कहा है कि दीपावली पर्व पर प्रदेश के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को समय से वेतन का भुगतान कर दिया जाए।

———————

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का भी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराये जाने की मांग को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अब आठ नवंबर को सुनवाई होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन की पीठ ने दलील सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख दे दी है।

———————

बिजली का नया कनेक्शन लेना, लोड घटाना, बढ़ाना और नाम परिवर्तन कराना सस्ता हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली से जुड़ी सेवाओं की प्रोसेसिंग फीस पर 18 प्रतिशत जीएसटी नहीं लगाने का आदेश जारी किया है। वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कई सेवाओं से जीएसटी समाप्त करने के आदेश के बाद पावर कॉरपोरेशन ने इस फैसले को 10 अक्टूबर से लागू किया है।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज आगरा में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 90 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में राज्यपाल ने सबसे अधिक 8 पदक जीतने वाली एसएन मेडिकल कालेज की एमबीबीएस की छात्रा अपर्णा चौरसिया सहित अन्य मेधावी छात्र–छात्राओं को 117 पदक से सम्मानित किया। इस दौरान 55 पीएचडी धारकों को उपाधि प्रदान की गयीं।

———————

प्रदेश के झाँसी बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास स्वावलंबन शक्ति 2024 जारी है । यह अभ्यास लाइव फायर और युद्धाभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का समन्वित प्रदर्शन है। आज दूसरे दिन स्वावलंबन शक्ति सेना की युद्ध–लड़ाई रणनीति का युद्धाभ्यास में 1800 सैन्यकर्मी, 210 बख्तरबंद वाहन, 50 विशेष उपकरण और हवाई उपकरणों ने भाग लिया। अभ्यास में भाग ले रही ड्रोन निर्माता कंपनी के इंजीनियर पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि ये ड्रोन सेना के लिए ही डिजाइन किए गए हैं। बाइट...

*ये हमारा आरओ प्रोडक्ट है जो यहाँ पे हमने डेमोंस्ट्रेट किया है डिफेंस के लिए जिसकी कैपेबिलिटी है बीस किलोमीटर का इसका ऑपरेशनल रेंज है जो की हवा में ढाई घंटे तक रहता है। ये दिन और रात दोनों ऑपरेट टाइम पे ये ऑपरेट आप कर सकते हो इस ड्रोन को स्पेशली इसको आर्म्ड फोर्स के लिए डिजाइन किया गया है। जिसका स्ट्रक्चर रगडाइज्ड बॉडी है जो टॉग बॉडी होती है और ये तेज़ हवा में और हल्की बारिश में भी उड़ सकता है।*

———————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में बीसीसीआइ की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी मुकाबले में आज चंडीगढ़ ने त्रिपुरा को 8 विकेट से हरा दिया। एक अन्य मैच में रेलवे की महिला टीम ने केरल को 35 रनों से मात दी।

(समाप्त)